आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–27 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये जहां नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है वहीं पांचवें चरण के लिये नामांकन जारी है। चौथे चरण में– शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच सीटों के लिये कुल दो सौ बीस प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। नामांकन पत्रों की जांच में एक सौ अड़तीस प्रत्याशियों के ही नामांकन पत्र वैध पाये गये। बयासी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गये हैं। उन्तीस अप्रैल को नाम वापसी के दिन यह साफ होगा कि इस चरण के लिये मैदान में कुल कितने प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। इन सीटों के लिये मतदान तेरह मई को होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त और सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिये व्यय की अधिकतम सीमा पंचानबे लाख रूपये तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्याशियों के लिये व्यय की अधिकतम सीमा चालीस लाख रूपये निर्धारित है।

उधर, पांचवें चरण के लिये प्रदेश की चौदह संसदीय सीटों और लखनऊ पूर्व विधानसभा उप चुनाव के लिये नामांकन पत्र भरने का आज दूसरा दिन है। तीन मई नामांकन की आखिरी तारीख है। चार मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और छः मई को नाम वापसी होगी। पांचवें चरण में शामिल– मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा सीटों के लिये बीस मई को मतदान होगा। इस चरण में दो करोड़ सत्तर लाख मतदाता हैं।

****

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता जनसभा के साथ–साथ रैलियों के माध्यम से दल के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील कर रहें है। इसी क्रम में हाथरस जिले के कस्बा सिकंद्राराऊ में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने पहले दो चरणों में पार्टी को मिले समर्थन पर संतोष जताया और मोदी सरकार के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि इन दस सालों में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुयी हैं, आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हुआ है। चारो तरफ विकास के द्वार खुले हैं। उन्होंने कहा कि एक जिला एक उत्पाद के माध्यम से स्थानीय उत्पादकों को पहचान मिल रही है। हाथरस की हींग की खुश्बू आज चारो ओर फैल रही है। उधर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करने के साथ ही रोड–शो के माध्यम से पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की। अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

****

शैक्षणिक एवं अनुसंधान सम्बन्धी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये गोरखपुर के महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमर कंटक मध्य प्रदेश के बीच आज समझौता ज्ञापन का आदान–प्रदान हुआ। समझौते पर हस्ताक्षर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर प्रदीप कुमार राव और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर एन. एस. हरी नारायण मूर्थि ने किया। इस समझौते के तहत सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में फार्मेसी, पैरामेडिकल, नर्सिंग, योग एवं जैव प्रौद्योगिकी आदि शामिल है। दोनों संस्थानों की तरफ से इन विषयों पर अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आदान–प्रदान के साथ ही वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने, कौशल को बढ़ाने के लिये क्षमता विकास और विनिमय कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जायेगा। इसके अलावा दोनों संस्थानों का लक्ष्य शैक्षिक साझेदारी के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को विकसित और कार्यान्वित करना है।

****

लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिये प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज वाराणसी में स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित किया। यह मानव श्रृंखला अतुलानंद स्कूल से सर्किट हाउस तक बनायी गयी, जिसका आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग ने किया। वहीं, वाराणसी के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने गैस सिलिण्डरों पर चस्पा मतदाता जागरूकता सम्बन्धी संदेश वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

चित्रकूट में विभिन्न विद्यालयों में रंगोली, मेंहदी, पोस्टर, भाषण, निबंध और नुक्कड़–नाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मतदान के लिये जागरूक किया गया।

इसी कड़ी में बदायूं के कलेक्ट्र परिसर से मैराथन का आयोजन किया गया, जिसे नगर मजिस्ट्रेट अरूण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर जेल तिराहा, पुलिस लाइन चौराहा, इंदिरा चौक, गांधी मैदान चौराहा, लावेला चौक होते हुए राजकीय इण्टर कॉलेज में समाप्त हुयी, जहां सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी।

****